B. A. Part - I

Economics Honours

Paper - I

Micro Economics

Topic :— Definations of Economics

## 2. कल्याण सम्बन्धी परिभाषाएँ

मार्शल तथा उनके अनुयायियों ने प्राचीन अर्थशास्त्रीयों (Classical Economics) या शास्त्रीय अर्थशास्त्रीयों की परिभाषाओं की त्रुटियों को दूर करने की चेष्टा की है। इनके अनुसार मानव जीवन का अन्तिम उद्देश्य केवल सम्पत्ति प्राप्त करना नहीं है। सम्पत्ति स्वयं कोई साध्य नहीं है; यह एक साध्य का साधन-मात्र है और यह साध्य है मानव-कल्याण (Wealth is not an end in itself, it is a means to an end and the end is human welfare)। मार्शल के शब्दों में, 'इस प्रकार एक ओर यह धन का अध्ययन है और, जो दूसरे भी अधिक महत्वपूर्ण है, मनुष्य के अध्ययन का एक अंश है।" (Thus it is on the one side a study of wealth; and on the other and more important side, a part of the study of man.)

Scanned by TapScanner

अतः मार्शल के अनुसार अर्थशास्त्र धन का विज्ञान नहीं वरन् भौतिक कल्याण का विज्ञान है अथवा मानव कल्याण का विज्ञान (Science of human Welfare) है।

मार्शल (Alfred Marshall) ने अपनी सुप्रसिद्ध पुस्तक 'Principles of Economics' मे अर्थशास्त्र की परिभाषा इस प्रकार दी है – "अर्थशास्त्र जीवन के साधारण व्यवसाय में मानव के कार्यों का अध्ययन है, यह मनुष्य के उन व्यक्तिगत एवं सामाजिक कार्यों की जाँच करता है जिनका कल्याण भौतिक साधनों की प्राप्ति तथा उपयोग से घनिष्ठतम सम्बन्ध है।" (Economics is a study of mankind in the ordinary business of life, it examine that part of individual and social action which is most closely connected with the attainment and with the use of the material requisites of well being.) इस प्रकार Marshall के अनुसार अर्थशास्त्र में धन की प्राप्ति के लिए आर्थिक क्रियाओं का अध्ययन तो किया जाता है किन्तु उनका अन्तिम उद्देश्य मानव-कल्याण (Human Welfare) को प्राप्त करना होता है।

अन्य कल्याणकारी अर्थशास्त्रियों ने भी मार्शल की परिभाषा का समर्थन किया है जिसमें पीगु (Pigou), कैनन (Cannan), बेवरीज (Beveridge), जे. एन. केन्स (J. N. Keynes), एली (Ely) इत्यादि अर्थशास्त्रीयों का नाम प्रमुख है।

प्रो. पीगु (A. C. Pigou) के अनुसार, "हमारी परीक्षा (जाँच) का क्षेत्र सामाजिक कल्याण के उस अंश तक सीमित रहा है जिसका प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मुद्रा-रूपी मापदण्ड से सम्बन्ध स्थापित किया जा सकता है।" (The range of our enquiry becomes restricted to that part of social welfare that brought directly or indirectly into relationship with measuring rod of money.)

इडविन कैनन (Edwin Cannan) के अनुसार, 'राजनीतिक अर्थशास्त्र का उद्देश्य उन सामान्य कारणों की व्याख्या करना है जिनपर मानव का भौतिक कल्याण निर्भर करता है।" (The aim of Political Economy is the exaplanation of the gereral Cause on Which the material welfare of human Beings depends.)

Scanned by TapScanner

प्रो॰ बेवरिज (Beveridge) के शब्दों में, "अर्थशास्त्र उन सामान्य तरीकों का अध्ययन है जिनके द्वारा मनुष्य अपनी भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सहयोग करते हैं।" (Economics is the study of the general Methods by which men co-operate to meet their material needs.

जे॰ एन॰ केन्स (J. N. Keynes) के अनुसार, "अर्थशास्त्र वह विज्ञान है जो उन घटनाओं की विवेचना करता है जो समाज में मानव के आर्थिक क्रियाओं के फलस्वरूप उत्पन्न होती हैं।" (The science which treats of Phenomena arising out of the economic activities of mankind in society.)

प्रो॰ एली (Prof. Ely) के अनुसार "अर्थशास्त्र वह विज्ञान है जो उन सामाजिक घटनाओं की विवेचना करता है जो मनुष्य के धन प्राप्त करने तथा उसके उपभोग उपभोग करने की क्रियाओं से उत्पन्न होती हैं" (Economics is the science which treats of those social phenomena that are the due to wealth - getting and wealth using activities of man.)

Scanned by TapScanner

(5)

इन सभी परिभाषाओं में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से इस बात को स्पष्ट किया गया है कि अर्थशास्त्र धन से सम्बन्धित उन सभी मानवीय क्रियाओं का अध्ययन किया जाता है जिससे मानव के भौतिक कल्याण में वृद्धि होती है। सभी कल्याणकारी अर्थशास्त्रियों में Marshall की परिभाषा सबसे महत्वपूर्ण एवं वैज्ञानिक है।

Munmun Choudhary
Asst. prof.
Department of Economics
A. S. college Bikramganj

Scanned by TapScanner